भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2811

जिसका उत्तर 17 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है ।

26 अग्रहायण, 1947 (शक)

आईटीआई और पॉलिटेक्निकों को डेटा लैब में परिवर्तित करना

2811. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
श्री केसिनेनी शिवनाथः

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में नामित आईटीआई और पॉलिटेक्निकों को डेटा लैब में परिवर्तित करने की मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा राज्य में उक्त डेटा लैबों के अनुमोदन और कार्यकरण में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान इंडिया-एआई इनोवेशन और स्टार्टअप्स शीर्ष के अंतर्गत आंध्र प्रदेश से जिला-वार और वर्ष-वार कितने स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है; और
(घ) आंध्र प्रदेश में जिला-वार और वर्ष-वार कितने स्टार्टअप्स, शोधकर्तओं, शैक्षणिक संस्थानों और राज्य अभिकरणों ने इंडिया-एआई क्लाउड पोर्टल के माध्यम से एआई संगणन सेवाओं का उपयोग किया है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से **(घ):** भारत की एआई कार्यनीति प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर आधारित है। इसका उद्देश्य भारत-केंद्रित चुनौतियों का समाधान करना और अवसर पैदा करना है।

<u>इंडियाएआई मिशन:</u>

यह सात स्तंभों के माध्यम से भारत के विकास लक्ष्यों के साथ एक सुदृढ़ और समावेशी एआई इकोसिस्टम स्थापित करने की एक रणनीतिक पहल है।

इनमें इंडियाएएल कंप्यूट, एआईकोष, इंडियाएआई फाउंडेशन मॉडल, इंडियाएआई फ्यूचर स्किल्स, स्टार्टअप फाइनेंसिंग, एप्लिकेशन डेवलपमेंट और सेफ एंड ट्रस्टेड एआई शामिल हैं।

<u>इंडियाएआई फ्यूचरस्किल्स</u>

- सरकार 500 पीएचडी शोधार्थियों, 5,000 स्नातकोत्तर छात्रों और 8,000 स्नातक छात्रों को सहायता प्रदान करके एआई प्रतिभा और अनुसंधान क्षेत्र को विकसित कर रही है।
- एआई, डेटा क्यूरेशन, एनोटेशन, क्लीनिंग और एप्लाइड डेटा साइंस में शोध कार्य करने के लिए नाइलिट के माध्यम से टियर-2 और टियर-3 शहरों में 27 इंडियाएआई डेटा और एआई लैब स्थापित किए गए हैं।
- 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 174 आईटीआई और पॉलिटेक्निक को अतिरिक्त इंडियाएएआई डेटा और एआई लैब स्थापित करने के लिए अनुमोदित किया गया है।
- इंडियाएआई ने इंडियाएआई डेटा और एआई लैब्स की स्थापना के लिए आंध्र प्रदेश राज्य से 09 आईटीआई का चयन किया है, और सेटअप शुरू करने के लिए इन 09 केंद्रों को पहली किस्त भी जारी की गई है (इन संस्थानों का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है)।

विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आईओटी और एआई पर उत्कृष्टता केंद्र:

भारत सरकार ने नैसकॉम और राज्य सरकारों के साथ मिलकर बेंगलुरु, गुरुग्राम, गांधीनगर और विशाखापत्तनम में इंटरनेट ऑफ थिंग्स के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं।

भारत में आईओटी का पहला केंद्र 2016 में कर्नाटक सरकार और नैसकॉम के सहयोग से बेंगलुरु में स्थापित किया गया था। इन केंद्रों के उद्देश्यों में से एक भारत को आईओटी के क्षेत्र में नवाचार केंद्र के रूप में उभरने में सक्षम बनाना था।

60 से अधिक स्टार्टअप नामांकित किए गए हैं, 16 सामाजिक परियोजनाएं शुरू की गई हैं, और 10 आईपी दायर किए गए हैं।

विशाखापत्तनम में गूगल एआई हब:

सरकार की पहलों से प्रोत्साहित होकर, निजी क्षेत्र भी भारत में एआई में तेजी से निवेश कर रहा है।

गूगल ने हाल ही में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम (विजाग) में एक आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का यह निवेश भारत में गूगल का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

नया एआई हब उन्नत एआई अवसंरचना, डेटा सेंटर क्षमता, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और एक विस्तारित फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क को एक ही स्थान पर एक साथ लाएगा।

****

अनुबंध।

आंध्र प्रदेश में इंडियाएआई डेटा और एआई प्रयोगशालाओं का विवरण:

क्र.सं.	राज्य	राजकीय आईटीआई का पता
1.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई, आईई, एलुरु
2.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई राजमहेंद्रवरम
3.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई, तिरुपति
4.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई, धोने
5.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई (नया), गजुवाका, विशाखापत्तनम
6.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई, काकीनाडा
7.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई विजयवाड़ा
8.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आवासीय आईटीआई (बालिका) कडप्पा
9.	आंध्र प्रदेश	राजकीय आईटीआई (बालिका), नेल्लोर

*****